**राज्यपाल सचिवालय**
**राज भवन, जयपुर**

## पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और संपन्नता के लिए प्रार्थना की

## राज्यपाल ने गलतापीठ में भगवान श्रीनिवास, श्रीदेवी व भूदेवी के ब्रह्मोत्सव में भाग लिया

जयपुर, 27 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को गलतापीठ में भगवान श्रीनिवास, श्रीदेवी व भूदेवी के ब्रह्मोत्सव में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर भगवान श्रीनिवास का गुलाब और कमल पुष्प, पत्रों से भाव भरा अभिषेक किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सुसज्जित पालकियों में विराजमान भगवान श्रीनिवास व भूदेवी-श्रीदेवी का विधि-विधान से वस्त्र, फल, नैवेद्य अर्पण कर आरती करते हुए देश और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इससे पहले गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य ने वहां पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तगण उपस्थित रहे।

---







**राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट**

जयपुर, 27 नवंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राजभवन में सोमवार को उत्तरप्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने मुलाकात की।
राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



-----------